तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 उप संचालक कृषि ने किया उपार्जन केंद्रों व मॉडल खेतों का व्यापक

10 सुपेला में निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग ...


## खबर संक्षेप

### सूने मकान से ज्वेलरी और कैश चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** पुलिस ने महादेव घाट के सूने मकान से ज्वेलरी और कैश चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 हजार रुपए का माल बरामद की गई है। धारा 305-ए,331 (4) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को रिमांड पर भेजा गया है। मामला अमलेश्वर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रार्थी सागर कुमार जांगड़े रायपुर ने थाना अमलेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके बड़े भाई महादेव घाट स्थित घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। वे बड़े भाई के घर में रात्रि में सोते थे। 2-3 दिन से अपने भाई के घर नहीं गया था। इस दौरान अज्ञात चोर ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम पर हाथ साफ कर दिया। इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ किया। सुबह पेट्रोलिंग के दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 5478 में तीन लड़के पुरानी बस्ती रायपुर निवासी अमित सोनकर 21 वर्ष, मुकुट नगर रायपुर निवासी मोनू उर्फ दीक्षांत मांझी 19 वर्ष, मुकुट नगर रायपुर निवासी राहुल सोनकर 21 वर्ष संदिग्ध अवस्था में घूमते मिले। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किए। आरोपियों ने बताया कि चोरी की सामग्री को अमलेश्वर क्षेत्र के ज्वेलरी शॉप में बेचा है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की सोने-चांदी के जेवरात कीमती लगभग 80000 रुपए बरामद कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### नशीला दवा के साथ पकड़े गए युवक की जमानत याचिका खारिज

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत ग्राम उमरपोटी के भाठापारा क्षेत्र में 15 सितंबर को नशीला दवा के साथ पकड़े गए सुजल पिता सतीश सिंह (20 वर्ष) स्टेशन मरोदा की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। उसे पुलिस ने एक अन्य आरोपी नवीन चाणक्य के साथ गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाशीध पीएस मरकाम के कोर्ट से यह यह आदेश जारी हुआ। उतई पुलिल ने कोर्ट से बताया कि आरोपी नवीन के पास से करीब 120 नग नशीली दवा जब्त की गई है।मामले में सुजल सहआरोपी है, उसे जमानत दिया जाना उचित नहीं होगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### अल सुबह पुलिस की टीम ने आउटर व स्लम एरिया में दी दबिश

**भिलाई।** सुबह दुर्ग जिले में अलग-अलग पुलिस की टीम द्वारा आउटर एवं स्लम एरिया में दबिश देकर चाकूबाजों, मादक पदार्थ रखने वालों एवं सशक्त ऐप के माध्यम से वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध पाए जाने पर लोगों का बायोमैट्रिक थंब भी लिया गया। जिले में आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाए जाने, धारदार हथियार लेकर चलने वालों, मादक पदार्थ रखने वालों एवं सशक्त अप के माध्यम से वाहनों की चेकिंग एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए शुक्रवार को छावनी बस्ती, कुम्हारी क्षेत्र एवं रायपुर से लगे अमलेश्वर क्षेत्र के आउटर बस्ती में प्रातः 4 बजे से 8 बजे तक और रात्रि 10 बजे से 12 तक रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें लगभग 500 से अधिक लोगों की चेकिंग की गई और संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए। राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा यह चेकिंग की गई। इस दौरान बदमाशों को अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने, सामाजिक जीवन व्यतीत किए जाने समझाईश दी गई ।

# सार्वजनिक स्थलों पर घुमंतू पशुओं का वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक : कलेक्टर

## जिले में गौधाम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग नियम 2005 के अंतर्गत संचालित गौधाम योजना की जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला मुख्यालय में सम्पन्न हुई। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने की। बैठक में उप संचालक पंचायत भूमिका देसाई, जिला स्तरीय समिति के अशासकीय अध्यक्ष व सदस्यगण, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ, पशु चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग तथा वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में गौधामों की वर्तमान स्थिति, पशु क्रूरता रोकथाम, आवारा एवं घुमंतू पशुओं के संरक्षण और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर कलेक्टर भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में गौधाम खोलने की आवश्यक प्रक्रियाएँ शीघ्र पूर्ण की जाएँ। उन्होंने कहा कि सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले घुमंतू पशुओं का वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत गौधामों को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की पशु क्रूरता ▶▶| शेष पेज 11 पर

### योजना को सफलतापूर्वक लागू करेंगे

अधिकारियों को गौधाम स्थलों की तत्काल समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, पशु चिकित्सा विभाग को घुमंतू पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण नियमित कराने, पुलिस एवं वन विभाग को अवैध पशु परिवहन और पशु क्रूरता पर निगरानी रखने तथा पंचायत विभाग को पराली दहन रोकथाम के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के अंत में अपर कलेक्टर ने कहा कि गौधाम योजना न केवल पशु संरक्षण के लिए, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी विभागों के समन्वित प्रयास से जिले में इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा सकेगा।



## परेशानी : ठेकेदार की मनमानी व विभाग की उदासीनता से ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

# कुम्ही-बरतनारा एनीकट निर्माण विवादों में ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए गंभीर सवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खारुन नदी पर करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे बहुप्रतीक्षित कुम्ही–बरतनारा एनीकट का निर्माण अब सवालों के घेरे में है। लगभग एक साल से चल रहे इस प्रोजेक्ट में जिस गंभीरता और गुणवत्ता की अपेक्षा थी, वह ज़मीन पर कहीं दिखती नजर नहीं आ रही है। निर्माण स्थल पर हो रही लापरवाही, घटिया सामग्री और विभागीय उदासीनता ने ग्रामीणों की चिंता और नाराज़गी दोनों बढ़ा दी है।

एक महीने पहले तक, एनीकट के दोनों ओर बिना किसी चेतावनी बोर्ड, सुरक्षा संकेत या घेरा लगाए, लोग नदी पार करते रहे। उस दौरान एनीकट में पानी भरा हुआ था, और एक गलत कदम बड़े हादसे में बदल सकता था। स्थानीयों का आरोप है सिंचाई विभाग पूरी तरह निष्क्रिय रहा, सुरक्षा की एक भी व्यवस्था मौके पर नहीं थी। अब जबकि पानी उतरने के बाद काम तेज़ हुआ है, फिर भी स्थिति जस की तस है। न सुरक्षा प्रोटोकॉल, न तकनीकी मानकों की समीक्षा सब कुछ कागजों में ही सीमित दिखता है।

**ग्रामीणों का बड़ा आरोप : निर्माण में अवैध मिट्टी–रेत और घटिया पत्थर का इस्तेमाल:** कुम्ही गाँव में अस्थायी प्लांट बनाकर दुर्ग की एक एजेंसी यह प्रोजेक्ट संभाल रही है। ग्रामीणों ने साफ आरोप लगाया है कि पास के गाँवों से अवैध तरीके से मिट्टी लाई जा रही है, खारुन नदी की कच्ची रेत का अंधाधुंध उपयोग, निम्न गुणवत्ता वाले पत्थर लगाए जा रहे एवं सीमेंट–रेत का अनुपात (मिक्सिंग) बेहद खराब हुई है। निर्माण की सतह पर ही जगह–जगह कमजोर मिश्रण, दरारें और असमान परतें दिखाई दे रही हैं—जो भविष्य में एनीकट की मजबूती पर बड़ा खतरा साबित हो सकती हैं। ग्रामीणों की शिकायत है- लगता है जैसे 8.5 करोड़ का एनीकट नहीं, आधे-अधूरे बजट का कोई कच्चा बांध बन रहा हो।

**अधिकारियों से संपर्क पर 'चुप्पी' ने बढ़ाए सवाल:** निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था पर सवालों को लेकर कार्यपालन अभियंता संदीप धवन और अनुविभागीय अधिकारी (धरसीवां) अक्षय सिंह से संपर्क किया गया। पर दोनों अधिकारियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह चुप्पी अब सवालों को और गहरा कर रही है।

### दो जिलों की सीमा और विभागीय निरीक्षण ठप

यह क्षेत्र बेमेतरा और रायपुर की जिला सीमा पर स्थित है। यही स्थिति अब निर्माण की निगरानी पर भारी पड़ रही है। यह प्रोजेक्ट रायपुर जल संसाधन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है। ग्रामीणों के अनुसार— अधिकारी महीनों से स्थल निरीक्षण पर नहीं आए, गुणवत्ता जांच के नाम पर औपचारिकता मात्र एवं ठेकेदार पर कोई दबाव नहीं है। यही वजह है कि ठेकेदार की मनमानी और बिना रुकावट जारी है। एक ग्रामीण का तंज— जिले बदल गया, लेकिन काम की जिम्मेदारी आज तक किसी ने गंभीरता से नहीं ली। ठेकेदार जो चाहे कर रहा है।

### ग्रामीणों की मांग- उच्चस्तरीय जांच हो, तभी रुकेगी मनमानी

खारुन नदी पर बना यह एनीकट भविष्य में- सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, पेयजल प्रबंधन और ग्रामीण आवागमन का महत्वपूर्ण आधार बनेगा। ऐसे में इस स्तर की लापरवाही देखकर स्थानीय लोग गंभीर रूप से चिंतित हैं।

## मोहभट्ठा मोड़ पर फिर बड़ा हादसा, तेज रफ्तार इनोवा कार गहरे तालाब में डूबी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार दोपहर ग्राम मोहभट्ठा मोड़ के पास एक बार फिर तेज़ रफ्तार ने बड़ा हादसा कर दिया। बेमेतरा की ओर से आ रही एक इनोवा कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के गहरे तालाब में जा गिरी। गाड़ी पानी में लगभग पूरी तरह डूब गई, लेकिन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते बाहर छलांग लगा दी। घटना स्थल पर ग्रामीण तुरंत पहुंच गए और मदद की। कार को बाद में जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकाला गया। इस तालाब में हादसे नए नहीं हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि कुछ साल पहले 07 लोगों से भरी एक कार इसी तालाब में डूब गई थी। उस भीषण हादसे में एक परिवार के सभी सात सदस्यों की मौत हो गई थी। उस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था, लेकिन समय बीतने के साथ प्रशासन के स्तर पर सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। ग्रामीणों ने बताया कि यह मोड़ अचानक मुड़ता है और दृश्यता कम रहती है, तालाब सड़क से बेहद करीब है, किनारों पर न रेलिंग लगी है, न कोई सुरक्षा बैरिकेड, चेतावनी बोर्ड, स्पीड कंट्रोल साइन, रात में रिफ्लेक्टर- कुछ भी नहीं। तेज रफ्तार वाहन सीधे तालाब की ओर फिसल जाते हैं। इन वजहों से यह स्पॉट एक एक्सीडेंट ज़ोन बन चुका है।

### तालाब किनारे मजबूत रेलिंग लगाने की मांग

लगातार हादसों के बावजूद यहां कोई सुरक्षा संसाधन नहीं लगाए गए। ग्रामीणों ने कहा कि हर बार हादसे के बाद चर्चा तो होती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई बदलाव दिखाई नहीं देता। लोगों ने मांग की है कि तालाब किनारे मजबूत रेलिंग लगाई जाए, मोड़ पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, रात में दृश्यता बढ़ाने रिफ्लेक्टर लगाए जाएं और इस क्षेत्र को ब्लैक स्पॉट घोषित कर सुधार कार्य कराया जाए।

▶▶| शेष पेज 11 पर

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की लामबंदी, 11 सूत्रीय मांगों पर 22 से 24 तीन दिवसीय धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा की आवश्यक बैठक रविवार को यहां अत्यंत गर्मजोशी और एकजुटता के माहौल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार बेनर्जी ने की।

संगठन ने प्रांतीय आह्वान पर अपनी 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आगामी 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन करने का ऐलान किया। बैठक में जिला एवं ब्लॉक संयोजकों सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने आंदोलन को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए सुझाव दिए और कहा कि अब समय आ गया है जब कर्मचारियों को एक स्वर में अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा। संगठन ने स्पष्ट कहा कि अधिकारी–कर्मचारी अब चुप नहीं बैठेंगे, समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विभाग के साथियों को आंदोलन में अधिकतम संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिला स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर कर्मचारियों को तीनों दिनों में अनिवार्य रूप से उपस्थित ▶▶| शेष पेज 11 पर

## अपर कलेक्टर ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का स्थलीय निरीक्षण

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का आज अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची अद्यतन कार्य, घर-घर सर्वे की स्थिति, प्राप्त प्रपत्रों (फॉर्म 6, 7, 8) के सत्यापन तथा ईवीए टीम के कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया। इस दौरान बीएलओ सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी जिम्मेदार कार्मिक उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची का शत-प्रतिशत अद्यतन अत्यंत आवश्यक है और किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर कमी होगी। उन्होंने 18+ नए मतदाताओं के नाम दर्ज कराने पर विशेष बल देते हुए बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन कार्य को ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक

भारतीय सिंधु सभा (छत्तीसगढ़ इकाई) द्वारा लगाए गए सहयोग शिविर का भी अपर कलेक्टर ने भ्रमण किया, जहाँ बड़ी संख्या में नागरिक फॉर्म भरते और दस्तावेज जमा करते दिखाई दिए। उन्होंने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है, क्योंकि यही लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। अंत में श्री भारद्वाज ने कहा कि आगामी निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिले में मतदाता सूची को पूर्ण, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## स्व. लक्ष्मण प्रसाद वैध कन्या कॉलेज में आनंद मेला का आयोजन

# आनंद मेला में विद्यार्थियों ने लगाए आकर्षक स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शनिवार का दिन स्व. लक्ष्मण प्रसाद वैध कन्या महाविद्यालय के लिए उत्साह, उमंग और उल्लास से भरा रहा। यहाँ हर्षोल्लास के बीच बहुप्रतीक्षित 'आनंद मेला' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के हुनर, रचनात्मकता और आत्मविश्वास ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मेले का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मक सोच, सौहार्द, संवाद कौशल, टीम वर्क और उद्यमिता की भावना को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य विनीता गौतम, पार्षद विकास तंबोली, नीतू कोठारी, लक्की साहू सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावकों की मौजूदगी ने छात्राओं के उत्साह को दोगुना कर दिया। मेले के दौरान छात्रों द्वारा लगाए गए विविध व्यंजन स्टॉल, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, खेल, कला-प्रदर्शन और मनोरंजक गतिविधियाँ कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं। पूरे परिसर में रंगों, संगीत और चहल-पहल का ऐसा संगम देखने मिला कि हर तरफ आनंद और ऊर्जा का माहौल बना रहा।




### आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण : नपाध्यक्ष सिन्हा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि आनंद मेला जैसे आयोजन विद्यार्थियों में व्यवहारिक सीख, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं। उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टॉलों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार किए गए व्यंजनों, कला–प्रदर्शनों और सृजनात्मक प्रस्तुतियों से सभी आगंतुकों का मन जीत लिया है। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन को ऐसे प्रेरक आयोजन जारी रखने के लिए शुभकामनाएँ भी दीं। मेले के सफल आयोजन ने न केवल छात्राओं की प्रतिभा को एक मंच दिया, बल्कि महाविद्यालय परिसर को भी पूरे दिन एक उत्सव स्थल में बदल दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इसे अत्यंत सफल, प्रेरणादायी और यादगार बताया।

## अनियंत्रित दो कारें आपस में टकराईं, चालक-पासंग सुरक्षित

**नांदघाट।** रायपुर से सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता रायपुर अपनी काले रंग की डिजायर कार सीजी 04 क्यूजी 1964 से सूरजपुर जा रहे थे कि नांदघाट में हाईवे चौक पर अपने वाहन से नियंत्रण खो बैठे एक सुमो गोल्ड में रगड़ते हुए रायपुर से ही आ रही सीजी 07 बीडी 5093 से टकरा गई। कार में सवार गुप्ता दंपत्ती सौभाग्य शाली रहे जो उन्हे चोट नहीं आई। दुर्घटना के कारण कुछ देर तक राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम लग गया। नांदघाट पुलिस द्वारा मौके पर तत्काल पहुंच कर स्थिति बहाल किया गया।



**खबर संक्षेप**



## एटीएम एजेंसियों के कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन अनिवार्य

**भिलाई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले में चोरी, लूट, डकैती जैसे अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए जिले के सभी बड़े बैंकों के एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी, चेस्ट वाहनों एवं आबकारी से संबंधित कर्मचारियों की बैठक पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने समस्त एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी के उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे एजेंसी में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पुलिस वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य है। एसएसपी ने चेस्ट वाहनों में उपस्थित सुरक्षा गार्ड एवं एटीएम में लगे गॉर्ड को अपने आर्म्स चेकिंग, लाइसेंस रेनवल समय-समय पर कराने के लिए निर्देशित किया।

## बेटे ने शादी से किया इंकार विवाद मारपीट तक बढ़ा

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ धारा 3(5), 333, 115(2), 351(3), 296 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। कार्रवाई एसएसपी के निर्देश के बाद की गई। सोनिया गांधी नगर जोन 1 निवासी सुमित्रा बाई देवांगन ने एसएसपी को शिकायत में बताया कि मानसी देवांगन, मनीषा देवांगन, रेवती देवांगन और रवि देवांगन अपने साथियों के साथ घर में घुसे और उनके साथ तथा उनके बेटे चन्द्रभान को गाली देते हुए मारपीट की। इस दौरान रेवती ने चन्द्रभान के कंधे पर दांत से काट लिया और आरोपियों ने डंडे से हमला कर हाथ तोड़ देने तक की बात कही। घर में आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि विवाद की असली वजह शादी का मामला है। पुत्र चन्द्रभान ने हीरा लाल देवांगन की बेटी से विवाह करने से मना कर दिया था, जिसके बाद से तनाव बढ़ गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि इससे पहले भी कई बार झगड़ा हुआ और आरोपियों द्वारा थाने में झूठी शिकायतें कराई गईं।

# बीएसपी के ठेका में श्रमिकों की 20% कटौती बंद करे प्रबंधन : इंटक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन एवं लाभार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ठेका श्रमिकों की समस्याओं तथा केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि बीएसपी के विस्तारीकरण के बाद संयंत्र के अधिकतर कार्य ठेका श्रमिकों के माध्यम से किए जा रहे हैं। अत्याधुनिक तकनीक अपनाए जाने के बावजूद ठेका श्रमिकों ने उत्पादन बढ़ाते हुए बीएसपी को सेल की ध्वजवाहक इकाई बनाए रखने में अहम योगदान दिया है। लेकिन इसके विपरीत, सेल प्रबंधन के तुगलकी फरमान के चलते बीएसपी प्रबंधन ठेका में 20% श्रमिकों की कटौती कर रहा है। इस निर्णय से ठेका श्रमिकों में भारी असंतोष है।

कटौती के कारण कार्यभार बढ़ गया है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है तथा श्रमिक तनावपूर्ण माहौल में कार्य करने को मजबूर हैं। कटौती से उनके रोजगार की सुरक्षा पर भी संकट गहराया है, जिसका सीधा असर उत्पादन और लाभ पर पड़ना तय है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि ठेका श्रमिकों की 20% कटौती को तुरंत रोका जाए। इस विषय पर उच्च प्रबंधन से चर्चा की जाएगी, और यदि प्रबंधन ने निर्णय वापस नहीं लिया तो इसके विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**ठेका श्रमिकों की समस्याओं तथा केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान को लेकर चर्चा**



### बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले केंद्रीय न्यूनतम वेतन

बैठक में यूनियन के उपाध्यक्ष मनोहर लाल ने कहा कि नया वेज कोड कानून के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का लाभ बीएसपी के सभी ठेका श्रमिकों को तुरंत दिया जाए। यह वेतनमान मार्च 2026 तक लागू है। अकुशल श्रमिक 783 प्रतिदिन, अर्ध कुशल श्रमिक 865 प्रतिदिन, कुशल श्रमिक 954 प्रतिदिन, उच्च कुशल श्रमिक 1,035 प्रतिदिन निर्धारित है। यूनियन ने ठेका श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, रात्रि भत्ता, बीएसपी द्वारा आवास या आवास भत्ता,मोटरसाइकिल अलाउंस, कैंटीन भत्ता, बच्चों को निःशुल्कशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, मासिक इंसेंटिव, स्थाई प्रकृति के कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों को उचित दर्जा दिलाने एवं सभी मुद्दों पर उच्च प्रबंधन से बातचीत होगी। इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण विषयों पर उच्च प्रबंधन से गहन चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वेतन प्रणाली में सुधार और सभी ठेका श्रमिकों को पूर्ण वेतन दिलाने के लिए यूनियन लगातार संघर्ष कर रही है। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह, दिनेश, गुरुदेव साहू, कुलेश्वर कुमार, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दामन लाल, दाऊ लाल, यशवंत यादव, मनहरण लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### निगम आयुक्त ने खेमामल मध्यानी से मांगा तीन दिन के अंदर जवाब

# सुपेला में निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग पर रोक, भिलाई निगम ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुपेला में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग पर निगम ने रोक लगाते हुए खेमामल मध्यानी को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। यदि 3 दिन के भीतर निगम को सही जवाब नहीं दिया जाता है तो निगम उसके खिलाफ निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करेगा।

नोटिस निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जारी की है। उन्होंने नोटिस में लिखा है कि खसरा क्रमांक 639 के एक भाग में कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला भिलाई में अनुज्ञा के खिलाफ अवैध निर्माण किया जा रहा है। यह निगम के अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने निर्देश दिया है कि इस निर्माण को तत्काल रोका जाए और इसको लेकर अपना जवाब 3 दिन के भीतर दें। जवाब में मध्यानी से पूछा गया है कि निगम अधिनियम का उल्लंघन कर निर्माण करने को लेकर क्यों ना निर्माण को हटाने या गिराने की कार्रवाई की जाए। निगम के एक अधिकारी से ने बताया कि जिस जमीन में बिल्डिंग निर्माण हो रहा है वो जिले के व्यापारी खेमामल मध्यानी की है। उसे उन्होंने डी-मार्ट कंपनी को बेच दिया है। वह प्लाट 32 हजार वर्ग फिट का है। निगम ने इस जमीन में लगभग 42 प्रतिशत हिस्से में ही निर्माण करने की परिमशन जारी की है। यानि कि 15 हजार वर्ग फिट से भी कम जमीन पर बेसमेंट और तीन माले की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है।

**85 फीट सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का है आरोप**




### नियम के तहत ही बन रही है बिल्डिंग

इस बारे में जब खेमामल मध्यानी की कंपनी में काम करने वाले जय कुमार अंबवानी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि जमीन डी-मार्ट की कंपनी को बेच दी है। उन्हीं की बिल्डिंग बन रही है। बिल्डिंग परमिशन जमीन बेचने से पहले ले लिया गया था, इसलिए वो खेमामल मध्यानी के नाम से है। उन्होंने यह भी कहा कि डी-मार्ट एक बड़ी कंपनी है। उनके द्वारा जो भी निर्माण किया जा रहा है वो पूरे नियम के तहत किया जा रहा है।

### पार्किंग की 85 फिट गहरी जमीन तक कब्जा कर किया गया है निर्माण

डी-मार्ट की जो बिल्डिंग बन रही है वो नियम से तो बन रही है, लेकिन उनके द्वारा नाली निर्माण के बहाने सिर्विस रोड तक कब्जा कर उसे ग्रान मैट से घेर लिया गया है। अब वहां नाली के बेस के साथ साथ कॉलम खड़े किए जा रहे हैं। इससे साफ है कि वहां पर भविष्यम में बाउंड्रीवाल भी बनाई जा सकती है।

### जिम्मेदारों ने नहीं दिया जवाब

इस बारे में जब निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और वार्ड के पार्षद लालचंद वर्मा को फोन लगाया गया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। वहीं भवन शाखा के अधिकारी दौलत चंद्राकर ने कहा कि इस बारे में जो भी जानकारी देंगे वो बड़े अधिकारी देंगे। उन्हें सिर्फ यही जानकारी है कि मामले को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है।

## कार चालक ने एयरटेल कर्मी से मारपीट कर की लूट, आरोपी फरार



**भिलाई।** भिलाई में वैशाली नगर थाना अंतर्गत कृष्णा गार्डन के पास दो दिन पहले लूट का एक मामला सामने आया। एक अज्ञात कार चालक ने स्कूटी से जा रहे एयरटेल कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट की और उनका बैग और डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत की ब्राडबैंट फाइबर वायर ज्वाइंटर मशीन को लूट कर ले गया। इस घटना को हुए दो दिन बीत गए हैं, लेकिन पुलिस ने ना तो मामाल दर्ज किया और ना आरोपी को पकड़ पाई है।

इस मामले की लिखित शिकायत वैशाली नगर निवासी अमरजीत सिंह ने की है। उसने बताया कि वो सुदेश मिश्रा की फर्म एमएमटी फर्स्ट में काम करता है। उनके दो लड़के सेवकराम और ललित यादव स्कूटी से एयरटेल की कीमती मशीन लेकर कंप्लेन पर गए थे। वो लोग कोहका की तरफ से 28 नवंबर की दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब आ रहे थे। इस दौरान कृष्णा गार्डन के पास एक कार चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। इसके बाद चालक कार से उतरा और लड़कों को गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। उसने लड़कों का बैग छीन और स्कूटी में रखी मशीन को लेकर कार में रखा और भाग गया। जब काफी देर तक उसका कहीं पता नहीं चला लड़कों ने थाने में शिकायत की। वैशाली नगर थाने का हाल यह है कि जब दोनों पीड़ित शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे तो उन्होंने थाने से भगा दिया गया। इसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी ने घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज निकाला, लेकिन अब तक आरोपी का कहीं पता नहीं चला।

## एसआईआर के लिए फॉर्म बांटा ही नहीं, लेकिन कर दी ऑनलाइन एंट्री, बीएलओ निलंबित

**दुर्ग।** विशेष सघन पुनरीक्षण एसआईआर में बड़ी लापरवाही सामने आई है। दुर्ग शहर के 32 बंगला क्षेत्र में करीब 350 मतदाता ऐसे हैं, जिन्हें फॉर्म का वितरण ही नहीं किया गया, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में उन्हें फॉर्म के वितरण की जानकारी अपलोड की गई। फील्ड पर की जांच के बाद इसका खुलासा हुआ। इतना ही नहीं कलेक्शन कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही थी। लगातार मिल रही शिकायत के बाद बीएलओ सिद्धांत शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि सिद्धांत शर्मा दुर्ग निगम में सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर पदस्थ हैं। 4 दिसंबर तक एसआईआर के अंतर्गत फॉर्म का वितरण और उसे भरकर जमा किया जाना है। इसे लेकर पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है। मतदान केंद्रों से लेकर लोगों के घर-घर जाकर एसआईआर की जानकारी दी जा रही है। इस कार्य में बूथ लेवल अधिकारियों की भूमिका सबसे अहम है। मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्र वितरण करने के साथ ही उसका संकलन और डिजिटाइजेशन कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकांश बूथों में यह कार्य पूर्णता की ओर है। कुछ बूथ में पूर्ण भी हो गए हैं, लेकिन दुर्ग विधानसभा के बूथ नंबर 183 के नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर सिद्धांत शर्मा ने इस कार्य में लापरवाही बरती। मतदाताओं के गणना पत्र के वितरण और संकलन कार्य में घोर लापरवाही बरती गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर निलंबन कार्रवाई की गई है।

# नवीनीकरण, रिटेंशन, हाउस लीज पर बीएसपी से चर्चा का लिया निर्णय, फिर बुलाई गई बैठक



**भिलाई।** बीएसपी क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सेक्टर 10 में बैठक आयोजित कर टाउन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल को विद्युत व्यवस्था का हस्तांरण की पहलकदमी पर विस्तार से चर्चा की गई।इसमें सभी ने एक मत होकर निर्णय लिया कि विद्युत विभाग की विसंगतियां पर चर्चा हेतु सेक्टर 10 जोनल मार्केट मंदिर परिसर में बृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में आम एजेंडे पर सभी मिलजुल कर कार्य करेंगे। लीज नवीनीकरण, बीएसपी आवासों के रिटेंशन संबंधी समस्या एवं हाउस लीज से संबंधित समस्याओं पर भविष्य में एकजुट होकर आगे कार्य करने का निर्णय लियाा गया। बैठक में स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स, हाउस लीज संघर्ष समिति, बीएसपी आवास रिटेंशन समिति के पदाधिकारी सुरेश चंद, राजेंद्र कुमार परगनिया, राम जसपाल, अनिल विश्वकर्मा, चंद्रकला ताराम, सुमन कनौजे, दिनेश सिघल, ज्ञानचंद बाकलीवाल, राम कुमार गुप्ता, अजय दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

### हस्तातंरण के मामले में व्यापारिक संगठन आज करेंगे चर्चा

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 20 नवंबर को सेक्टर 10 जोनल मार्केट मंदिर परिसर स्थित सभा भवन में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बैठक आयोजित किया है। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र विद्युत सेवा राज्य शासन को सौंप रहा है इससे हमको क्या परेशानी होने वाली है इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन ने अपने श्रमिक संगठनों के मध्य चर्चा के दौरान कहा है कि बी एस पी आवास राज्य शासन को सौंप जाने की चर्चा छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हो रही है ,सिर्फ आवास क्यों ,टाउनशिप क्षेत्र की पूरी भूमि सौप देना चाहिए। विद्युत नियामक आयोग में 5 दिसंबर को भिलाई इस्पात संयंत्र टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट द्वारा विद्युत सेवा सौपे पर जाने से संबंधित दिए गए प्रस्ताव पर रायपुर विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय में हियरिंग होना है जहां विभिन्न जहां विभिन्न संस्था संगठन के प्रतिनिधियो को अपनी आपत्ति दर्ज करना चाहिए।

## जोन पांच में विभिन्न विकास कार्यों का किया गया निरीक्षण

**भिलाई।** नपानि भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान, टेनिस कोर्ट, डोम शेड निर्माण स्थल सहित बीएसपी क्षेत्र के जर्जर क्वार्टरों का जायजा लिया और अधिकारियों को नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का त्वरित लाभ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने इस उद्यान का अवलोकन किया। उद्यान के भीतर निर्मित स्टेज के तत्काल संधारण का निर्देश दिया गया है। खिलाड़ियों के लिए बने इस टेनिस कोर्ट का निरीक्षण कर आयुक्त ने इसे नागरिकों को सौंपने और उनके द्वारा इसका उचित रखरखाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### उद्यानों में पौधरोपण देखभाल के निर्देश

आयुक्त ने उद्यान में किए गए पौधारोपण की उचित देखरेख सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्यान में खराब पड़े बोर के तत्काल संधारण और पौधों की सिंचाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। समीपस्थ टेनिस कोर्ट में ग्राउंड की साफ-सफाई कराने को कहा गया ताकि खिलाड़ियों को सुविधा मिल सके।

प्रस्तावित नवीन डोम शेड निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य को नियमानुसार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बीएसपी क्षेत्र के जर्जर क्वार्टरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थलों का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए आवासों के निर्माण के लिए करने की संभावना पर चर्चा की।

## 1981 सरकारी खाते ऐसे, जिनमें लंबे समय से 9.21 करोड़ रुपए हैं जमा



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग जिले की सभी बैंकों में संचालित विभिन्न सेवाओं व योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के शासकीय विभागों से संबंधित 1981 निषक्रिय बैंक खातों को लेकर चर्चा की। बता दें कि इन खातों में करीब 9.21 करोड़ रुपए जमा हैं। 1264 डीईएएफ (दावा रहित जमा राशि) खातों जिनमें लगभग 2.62 करोड़ रुपए की राशि संचित हैष उन सभी खातों को 30 नवंबर 2025 तक सक्रिय कराने के लिए खाताधारकों से संपर्क सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों को समयावधि में निराकृत कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी बैंक एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे, भारतीय रिज़र्व बैंक से दिग्विजय राउत, अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय गर्ग सहित डीआईसी, मत्स्य पालन, कृषि विभाग, नगर निगम, एनआरएलएम विभाग के अधिकारी एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

### तीनों जिला संगठनों के नव निर्वाचित अध्यक्षों ने निकाली संयुक्त रूप से रैली

# जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

रजिस्ट्री शुल्क और जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस ने पटेल चौक में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ शासन का पुतला फूंका। इस दौरान तीनों जिला संगठनों के नव निर्वाचित अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिले का युवा जाग चुका है, सरकारी की दमनकारी नीतियों से वाकिफ हो रहा है। आने वाले दिनों में कांग्रेस स्वस्फूर्त ऐसे जुड़ने वाले लोगों को साथ लेकर और भी उग्र प्रदर्शन करेगी। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर उन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। युवाओं की भावनाओं के अनुरूप जिला संगठन काम करेगा। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर आगामी दिनों में कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, दीपक दुबे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

- **ब्लॉक स्तर पर भी विरोध दर्ज कराने की तैयारी**

### भूमि की सरकारी दरों में वृद्धि का लोगों को नुकसान

राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी दर 40 से 500 प्रतिशत बढ़ गयी ,यह सरकार का अदूरदर्शी फैसला है। गाईडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को परेशानी होगी, लोगों का मकान, दुकान, फैक्ट्री बनाने का खर्च बढ़ जायेगा। भूमि की खरीदी-बिक्री बंद हो जायेगी या कम हो जायेगी, बेरोजगारी बढ़ेगी। यह प्रदेश के विकास में बाधा पहुंचाने वाला फैसला है। इस फैसले का कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एक साल में जमीन की गाईडलाईन 130 से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी हो। इससे नागरिकों का खासा आर्थिक नुकसान होने वाला है।




### नासिर खोखर ने छोड़ा प्रवक्ता पद

पिछले करीब 10 सालों से प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी निभाने वाले नासिर खोखर ने अपना प्रवक्ता पद छोड़ दिया है। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इसकी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि वे अब पार्टी की इस जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं। पार्टी यदि उन्हें अन्य कोई जिम्मेदारी देती है, तो वे उसका पालन करेंगे।

### 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख स्टाम्प ड्यूटी

मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख की स्टांप ड्यूटी कोई सरफिरि या तुनकमिजाज सरकार ही लगा सकती है। प्रदेश के कई शहरों के आसपास कुछ जगह ऐसी भी स्थिति बन गयई है कि अगर कोई 1000 फीट जमीन की खरीदी 6 लाख रु. में करता है तो उसे 4 लाख 40 हजार रु. रजिस्ट्री शुल्क चुकाना होगा, कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क और जमीन की कीमत एक बराबर होगी, कुछ क्षेत्रों में जमीन की कीमत से ज्यादा रजिस्ट्री शुल्क देना पड़ेगा। ऐसे गरीब आदमी मकान कैसे बनायेगा? तिनका तिनका जोड़कर और कर्ज लेकर जमीन खरीदने वालों को जमीन के साथ रजिस्ट्री के लिए भी कर्ज लेना पड़ेगा, फिर मकान बनाने पैसा कहां से इंतजाम करेगा।

## खबर संक्षेप

### संध्या साहू का वाणिज्य कर निरीक्षक पद पर चयन, दी बधाई



**हरिभूमि कुण्डा।** हाल ही में लोकसेवा राज्य आयोग 2024 का सूची जारी हुआ जिसमें संध्या साहू का चयन वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है। वर्तमान में संध्या साहू महिला एवं बाल विकास कुण्डा में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि सफलता उनके कदम चूमती है जो कभी हार नहीं मानते मेहनत और और विश्वास से ही जीवन में मंजिल मिलती है, संध्या साहू मुंगेली जिला के पथरिया ब्लॉक के ग्राम बैजना निवासी है उनके पिता सुरेश कुमार साहू शिक्षक एवं माता गृहणी है। मिली जानकारी के अनुसार संध्या साहू 2021 में पीएसी की तैयारी की थी पर चूक गई, लेकिन 2023 में महिला एवं बाल विकास में पर्यवेक्षक के रूप में चयन हुआ और 2024 में फिर मेहनत ने रंग लाया और वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर चयन हुआ। वहीं इस सफलता की श्रेय अपने माता-पिता और परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी को दी। उनके चयन पर एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुण्डा बृजेश सोनी, देवदत्त चंद्राकर, सूरज यादव, सालिक यादव, कलीराम चंद्राकर सहित समस्त स्टॉप ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### शासकीय हाई स्कूल भगतपुर के कक्षा नवमी के 31 बालिकाओं को सायकिल वितरण किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** शनिवार को शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में शासन के महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 31 बालिकाओं को सरपंच कपिल चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति, रामफल चंद्रवंशी पूर्व सरपंच की उपस्थिति में सायकल वितरण किया गया। सायकिल पाकर बालिकाओं का चेहरा खुशी से खिल उठा। इस अवसर पर कपिल चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, प्राचार्य रामकुमार कौशिक, श्रीमती शकुन चंद्रवंशी व्याख्याता, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी व पालकगण सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ग्राम सैहामालगी में क्षेत्रीय किसानों को गेहूं, चना व मसूर बीज का वितरण किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी केंद्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य की बीजेपी सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि किसानों को निरंतर उन्नत किस्म का बीज वितरण किया जा रहा है, ताकि फसल की अच्छी पैदावार अधिक से अधिक लाभ हो सकें तथा किसानों के आय को बढ़ाया जा सके। इसी कड़ी में ग्राम कोदवा कला, गोबर्रा, सैहामालगी, बंशापुर, प्राणखैरा के किसानों को बीज वितरण किया गया, जिसमें छत्र किशोर तिवारी, लेखराम सिंगरौल, शिवनंदन चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, श्रवण चंद्रवंशी, राधेलाल चंद्रवंशी, रामविलास तिवारी,दीपक चंद्रवंशी, मालिकराम जायसवाल, सुखिया बाई लहरें सहित बड़ी संख्या में सैहामालगी के ग्रामीणजन उपस्थित थें।

### पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषि विभाग कबीरधाम द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन 28 नवंबर को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला-कवर्धा में किया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी, डॉ बीपी त्रिपाठी द्वारा बच्चों को स्वाल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें मृदा नमूना संग्रहण, नमूना विश्लेषण, संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग एवं फसलों के चयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि मृदा में जैविक खाद एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर फसल लागत में कमी लाते हुए उत्पादन में वृद्धि किस प्रकार की जा सकती है। कृषि विभाग से डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सुशील कुमार वर्मा के द्वारा छात्रों को मृदा स्वाथ्य प्रबंधन एवं स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से कृषि कार्यों विभिन्न पहलुओं के विषय पर चर्चा की गई एवं मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही जिला कबीरधाम के भौगोलिक मृदा संरचना के विषय में स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा किया गया।

### ग्रामीणों के साथ बैठकर चर्चा करते हुए योजनाओं की ली सम्पूर्ण जानकारी

# वनांचल क्षेत्र में नरेगा व पीएम आवास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे, आयुक्त तारन प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोना में बनाए जा रहे हैं प्रधानमंत्री आवास अमृत सरोवर सहित अन्य निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण आयुक्त सह संचालक तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान किया गया। इस दौरान ग्राम बिरकोना में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत अमृत सरोवर के समीप पौधरोपण करते हुए पर्यावरण के लिए सभी को जन जागरूक करने का आह्वान किया।

एक दिवसीय प्रवास के दौरान श्री सिन्हा जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत लोखान के वनांचल ग्राम कमराखोल पहुंचकर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए जन मन आवास अंतर्गत बन रहे पक्के घरों का निरीक्षण किया। आवास हितग्राही झिमलाल, सुनऊराम धुर्वे एवं कुंवारिया बाई बैगा सहित अन्य हितग्राहियों के जनमन आवासों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की राशि प्राप्त होने मजदूरी भुगतान सहित संपूर्ण जानकारी ली और इस दौरान हितग्राहियों के जॉब कार्ड का निरीक्षण भी किया। हितग्राही शिव कुमार के लिए निर्मित मुर्गी शेड का निरीक्षण करते हुए आयुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि पशुपालन विभाग से हितग्राहियों को सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे आजीविका की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले के वनांचल क्षेत्रो में निर्माण सामग्रियों को प्रदाय करने के लिए बिहान योजना की डीलर दीदियां कार्यरत हैं जो उचित दर पर निर्माण सामग्री आवास हितग्राहियों को उपलब्ध करा रही है और इससे समूह का आजीविका संवर्धन हो रहा है।

#### आजीविका एवं ग्रामीण क्षेत्र विकास की दिशा में अग्रसर



ग्राम कमराखोल में कार्य करने वाली डीलर दीदियों द्वारा श्री सिन्हा को बताया गया कि सेंट्रिक प्लेट के व्यवसाय से उनकी महिला समूह द्वारा दस हजार से अधिक का व्यापार कर चुकी है। तथा वह अपने गांव सहित आसपास के ग्रामीणों को कम दर पर निर्माण सामग्री उपलब्ध करा रही है। निरीक्षण के दौरान ग्राम खामी पहुंचकर प्रधान संस्था द्वारा कराए गए डबरी निर्माण में मछली पालन के कार्य को भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी सहित जनपद पंचायतो के सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यक्रम, अधिकारी विकासखंड समन्वयक जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### छत्तीसगढ़ टीम में कवर्धा से अभिषेक चंद्रवंशी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिला से इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लींग में कवर्धा



शहर के कैलाश नगर से अभिषेक चंद्रवंशी (राजा) का चयन हुआ है। जिससे कवर्धा जिला गौरवान्वित महसूस कर रही है। गौरतलब हो कि इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लींग की प्रथम विनिंग प्राइज 1 करोड़ रुपए है। इन्होंने हाल ही में 11 सितंबर को रायपुर में हुए ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन कर चयन कर्ताओं को काफी प्रभावित किया। उनके चयन से क्रिकेट जगत सहित पूरे कवर्धा शहर में खुशी का माहौल है। इस ट्रायल्स में देशभर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि 1 से 3 दिसंबर तक बैंगलोर में यह मैच होने है। जिसके लिए वो कवर्धा से रवाना हो चुके हैं। परिजन सहित पूरे शहरवासियों ने उन्हें बधाई, शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षक प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

## मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ठंड बढ़ने के साथ खेल का भी महत्व बढ़ जाता है जो शरीर को ऊर्जा से भर देता है। शिक्षक प्रीमियर लींग अपने सातवें संस्करण के साथ आ गया है। जिले के शासकीय शिक्षकों के मध्य खेले जाने वाले इस टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के इस वर्ष के संस्करण का भव्य शुभारंभ रविवार को नगर के प्रतिष्ठित स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका कवर्धा ने भारत माता के विधिवत तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर मैच का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद योगेश, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल उपस्थित थें। अतिथियों ने शिक्षकों के इस प्रयास की प्रसंशा करते हुए इसे मन और मस्तिष्क के स्वस्थ रखने हेतु बेहतर विकल्प के रूप में सराहना की। इस वर्ष कुल 14 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है, जिन्हें पहले 4 पूल में बाटा गया है, यहां से आगे जाने के लिए टीम को कम से कम 2 मुकाबले जीतने होंगे । उसके बाद क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे । प्रतियोगिता के मैच केवल शनिवार को दोपहर बाद, रविवार एवं अवकाश के दिवस ही खेले जाते हैं। आज के दिवस कुल 2 मैच खेले गए पहला मैच रेंगाखार और उड़िया के बीच खेला गया। जिसमें रेंगाखार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 96 रन बनाए वहीं उड़िया की टीम बाद में बल्लेबाजी करने उतरी और 10 ओवर में 9 विकेट पर मात्र 53 रन ही बना पाई , इस तरह पिछले वर्ष की चैंपियन रेंगाखार ने इस सत्र के अपने पहले मैच को धमाकेदार तरीके से 43 रनो से जीत लिया। दिवस का दूसरा मैच कुई और सूरजपुरा के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सूरजपुरा मात्र 53 रन बना पाई, जिसके जवाब में कुई ने 5 ओवर में ही मैच जीत लिया। अपनी शानदार गेंदबाजी से उत्तर तिलगाम ने हैट्रिक विकेट ली और कुई की जीत के हीरो को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार अपने नाम किया । रविवार के दोनों मैच शानदार रहे अगले मैच अगले शनिवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन भोरमदेव शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

### उन्नत फसल के लिए किसानों को किया गया बीज वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ राज्य की बीजेपी सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान हितैषी नीति ने निश्चित रूप से किसानों के हित में निरंतर कार्य किया। जिस पर अश्वनी यदु ने बताया कि ग्राम दामापुर केंद्र में किसानों को निरंतर उन्नत किस्म का बीज वितरण किया जा रहा है, ताकि फसल पैदावार अधिक से अधिक हो सके व किसानों के आय को बढ़ाया मिल सके। उसी कड़ी में कोदवा कला, गोबर्रा, सैहामालगी, बंशापुर, प्राणखैरा के किसानों को बीज वितरण किया गया। जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति भाजपा के सदस्य अश्वनी यदु ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णु देव साय की किसान हितैषी नीति स्पष्ट नजर आती है, किसान सम्मान निधि ने पूरे देश के किसानों का सम्मान किया है, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार मिलकर किसान हित में अनेकों योजनाएं चला रही है। किसानों की आय कैसे बेहतर से बेहतर किया जाए, इस पर सर्वोच्च स्तर पर कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान एवं 21 सौ प्रति क्विंटल का दाम जैसे फैसले ने किसानों के आय को दोगुनी करने के दिशा में सबसे बड़ा फैसला है, निश्चित ही किसानों का आय बढ़ा है एवं किसानों की चेहरे में रौनक आई है। बताया जाता है कि उन्नत किस्म के बीज किसानों तक पहुंचाना ये संदेश है कि बीजेपी की सरकार कितनी गंभीरता के साथ किसानों के हित में कार्य कर रही है। इस बीज वितरण के दौरान संतोष ध्रुर्वे, राकेश सिंगरौल, अशोक सिंगरौल, मौजीराम कश्यप, रज्जू सिंगरौल, हेमंत जायसवाल, धर्मजीत खांडे, सालिक राम साहू एवं आसपास क्षेत्र के कृषक गण उपस्थित थें।

### प्रज्ञा अभियान पत्रिका का किया विमोचन



**हरिभूमि कुण्डा।** रविवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ पेन्ड्रीकला व रापा द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्भ भाई पटेल के 150 वी वर्ष गांठ एवं चंदनीय कुर्मी जिला स्तरीय सम्मेलन कुण्डा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शांति कुंड हरिद्वार द्वारा प्रकाशित प्रज्ञा अभियान पत्रिका का विमोचन वितरण माता के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 में बैजनाथ चंद्राकर समाज सेवी, ममता चंद्राकर पूर्व विधायक, नन्दलाल चंद्राकर एवं समाज के वरिष्ठ एवं सामाजिक जनो की उपस्थति मे प्रक्षा अभियान पत्रिका का वितरण एवं विमोचन किया गया। गायत्री प्रज्ञा पीठ के निःशुल्क विवाह पुत्रवन संस्कार, नामकरण पूरे वैदिक संस्कारों के साथ निःशुल्क किया जाता है। जिसके संबंध में प्रज्ञा पीठ व्यवस्थापक द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

## वनांचल ग्राम ढोलबज्जा में लगाई गई रात्रि चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा सह संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तारन प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने विकासखंड बोड़ला के वनांचल एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम ढोलबज्जा में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर कहा की सभी के घर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं जनमन आवास से पक्के हो जाएंगे। निर्माण कार्य सभी के लिए पात्रता अनुसार स्वीकृत किया जा रहा है और ग्रामीण अपना स्वयं का आवास बना रहे हैं। ग्रामीणों को आवास बनाने के लिए महात्मा गांधी नरेगा से 90 से 95 दिवस का रोजगार मिल रहा है और उसके साथ ही लगभग 23 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से प्राप्त हो रहा है। चौपाल में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि जनमन आवास योजना से उनके खाते में सरकार द्वारा 2 लाख रुपए किस्तों में भेजा जा रहा है। इसके साथ ही शौचालय का लाभ एवं अन्य शासकीय योजनाओं से आजीविका के लिए नए रास्ते खोलने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

रात्रि चौपाल में उपस्थित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोगों को जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि अपने पक्के आवासों के छत में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के माध्यम से बहुत ही कम दर पर सोलर पैनल की स्थापना कर सकते हैं। इस योजना का लाभ हितग्राही मात्र 10 हजार रुपए अपनी ओर से लगाकर शेष राशि सरकार की ओर से सब्सिडी के रूप में बचा सकते है। 10 हजार रुपए के लिए भी सभी बैंकों द्वारा बहुत ही कम दरों के ब्याज पर हितग्राहियों को लोन की सुविधा मिल रही है। सभी ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वह वैकल्पिक ऊर्जा के इस महा अभियान में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना का लाभ उठाकर महीने के बिजली बिल में होने वाले खर्चे को बचा सकते है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने ग्रामीणों से कहा कि वह अपना घर स्वयं बनाएं। ग्राम ढोलबज्जा को आदर्श ग्राम के रूप में बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। सड़क बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा पक्का छत एवं आजीविका के लिए विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ग्राम विकास के संबंध में ग्रामीणों से वृहद चर्चा की गई।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया

# मैनपुरी में दो दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

- छात्र छात्राओं ने खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्राम पंचायत मैनपुरी में जोन स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया। जो 28 और 29 नवंबर तक आयोजित इस खेल समारोह में 11 संकुल केन्द्र के छात्र छात्राओं ने खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें रंगोली, मेहंदी, खो-खो, कबड्डी, 100-200 मीटर दौड़, सुई धागा, गोली चम्मच दौड़ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल के उद्घाटन एवं समापन समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे, तहसीलदार परमेश्वर मांडवी, जनपद सदस्य श्रीमती इंदु पटेल, बीआरसी श्रीकेश लाल, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती संगीता साहू, उप सरपंच नीलकंठ पटेल, एसएमसी अध्यक्ष कौशल साहू एवं नवनियुक्त प्राचार्य दीप कुमार साहू, पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रीना सोनवानी, संकुल समन्वयक भागवत कौशिक उपस्थित थें। जिसमें 11 संकुलों के विद्यार्थियों ग्राम मैनपुरी, सोनपुरी रानी, कोठार, नवीन कन्या, शक्ति वार्ड, आदर्श कन्या, करपात्री, अमलीडीह, समनापुर, चीमागोदी एवं छीरहा संकुल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

## पेज 9 के शेष

### सार्वजनिक स्थलों पर घुमंतू ...

की स्थिति न उत्पन्न हो। कृषि कार्यों के बाद किसानों द्वारा पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं पर भी बैठक में गंभीरता से विचार हुआ।

प्रभारी कलेक्टर ने पंचायत विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरपंच और सचिव अपने-अपने क्षेत्रों में पराली दहन पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पराली जलाना पर्यावरण को गंभीर हानि पहुँचाता है और मृदा की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। इसके रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, निगरानी तथा वैकल्पिक प्रबंधन उपाय अनिवार्य रूप से अपनाए जाने चाहिए।

### मोहभट्ठा मोड़ पर फिर ...

चालक की किस्मत अच्छी, वरना दोपहर का हादसा बन सकता था त्रासदी चलते वाहन का तालाब में गिरना किसी भी वक्त बड़ा हादसा बन सकता था। गाड़ी पानी में धंस चुकी थी, लेकिन चालक समय रहते बाहर निकल आया। वहीं वाहन को काफी नुकसान पहुँचा है।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ...

होने प्रेरित किया जाएगा। बैठक में जीएल खुटियारे, सुरेन्द्र कुमार पटेल, राजेश कुमार यादव, महेश्वर श्रीवास, पवन कुमार वर्मा, राजू शर्मा, प्रेमदास दोहरे, देवी चंद डेहरे, नानकराम साहू, राजेन्द्र वर्मा, केआर परते, सेउकराम साहू सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। फेडरेशन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि यदि 11 सूत्रीय मांगों पर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और भी उग्र स्वरूप दिया जाएगा।

### अपर कलेक्टर ने किया मतदाता ...

समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और दूरस्थ क्षेत्रों के मतदाताओं की सुविधा को प्राथमिकता देने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता फोटो मिलान, परिवारवार सत्यापन, मृत मतदाताओं के नाम हटाने और गलत प्रविष्टियों को सुधारने के कार्य की भी समीक्षा की। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया।

**खबर संक्षेप**

## एडीएम और एएसपी ने ली डीजे और मांगलिक भवन संचालकों की बैठक

**दुर्ग।** जिले में शादी विवाह के सीजन को ध्यान में रखते हुए एडीएम अभिषेक अग्रवाल और एएसपी सुखनंदन राठौर ने संयुक्त रूप से डीजे और मांगलिक भवन संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीजे संचालकों को अवगत कराया गया कि वे क्षेत्रीय ध्वनि मानक के अधिकतम 10 डीबी ए या 75 डीबी ए के अंदर ही बजाएंगे। उन्हें ध्वनि प्रदूषण नियम का शक्ति से पालन करना होगा। किसी भी आयोजन में शासकीय सम्पत्ति और सार्वजनिक सुविधाओं का उपयोग बिना पूर्व अनुमति नहीं दिया जाएगा।
रात 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाने और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहनों पर डीजे या वाद्ययंत्रों का प्रयोग वर्जित है। आयोजन स्थल पर जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा या रास्ता बाधित नहीं होना चाहिए। विवाद की स्थिति में अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। इसी प्रकार मांगलिक भवन संचालकों को भी आयोजन के दौरान आगन्तुकों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था पर जोर देने कहा गया। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में डीजे संचालक समारोह स्थल के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर डीजे और वाहन आदि जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही मांगलिक भवन को भी शील करने की कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षा मंत्री ने पोटिया स्कूल में बच्चों से किया संवाद

**दुर्ग।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव वार्ड 54 स्थित पोटिया के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। बच्चों से सीधे बात कर उनकी पढ़ाई और जरूरतों के बारे में जानकारी ली।
गजेन्द्र यादव ने कहा की आज दुर्ग वार्ड 54 स्थित पोटिया के प्राइमरी और मिडिल स्कूल पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। बच्चों के साथ स्कूल परिसर का निरीक्षण कर बच्चों द्वारा बताई गई आवश्यकताओं को शीघ्र पूरा करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के शिक्षको से बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए गंभीरता से कार्य करने कहा, साथ ही सभी बच्चों की नियमित उपस्थिति और कोर्स की स्थिति की जानकारी लिया। विद्यार्थियों की मजबूत शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का आधार है।

### रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

# खिलाड़ियों ने दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल एथलेटिक्स में दिखाया दमखम, अनिकेत को मिला स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बेमेतरा में चार दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। आठ महाविद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने चार दिनों तक विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा, कौशल और जुझारूपन का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. विनम्रता जैन (अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय राजनांदगांव) थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. यू.के. ध्रुव ने की जबकि आयोजन सचिव डॉ. असित कुमार एवं प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. योगेंद्र भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान रिले रेस, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, लंबी व ऊंची कूद तथा 100 से लेकर 1500 मीटर तक की विविध दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबलों के जरिए कृषि महाविद्यालय परिसर को उत्साह से सराबोर कर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनम्रता जैन ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करते हैं। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. योगेंद्र ने कहा कि जीवन एक खेल की तरह है जिसमें जीत और हार दोनों का अपना महत्व है। मुख्य अतिथि एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण होती है जब इसमें खेल, कला और संस्कृति का संतुलित समावेश हो। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, लगन और टीम भावना बनाए रखने की प्रेरणा दी।



### ऊंची कूद में आकाश को मिला रजत

प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब एसकेएस कृषि महाविद्यालय, राजनांदगांव ने जीता, जबकि रनर-अप चैंपियनशिप संत कबीर कृषि महाविद्यालय, कवर्धा को मिली। रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा के खिलाड़ियों ने भी कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण पदक जीते। 100 मीटर दौड़ में अनिकेत ने स्वर्ण पदक हासिल किया। तवा फेंक में दिव्यांशु ने स्वर्ण और 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। महिला वर्ग में विमला और सीमा की जोड़ी ने टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष वर्ग में राहुल और सुमित सिकदार ने रजत प्राप्त किया। खो-खो महिला वर्ग में बेमेतरा टीम ने स्वर्ण अपने नाम किया। गोला फेंक में आरती ने स्वर्ण और तवा फेंक में रजत पदक हासिल किया। 4×100 मीटर रिले रेस में बेमेतरा टीम ने स्वर्ण जीतकर महाविद्यालय की शान बढ़ाई। ऊंची कूद में आकाश को रजत मिला।

पुरुष वर्ग के बेस्ट एथलीट का खिताब प्रहलाद (संत कबीर कृषि महाविद्यालय, कवर्धा) को मिला, जबकि रनर-अप बेस्ट एथलीट का सम्मान दिव्यांशु (रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा) को प्रदान किया गया। महिला वर्ग में बेस्ट एथलीट का सम्मान पुनिका चंद्रवंशी (कृषि महाविद्यालय, राजनांदगांव) को मिला।

समापन समारोह में एसएसपी रामकृष्ण साहू ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफियाँ प्रदान कीं। पुरस्कार ग्रहण करते समय खिलाड़ियों का उत्साह देखने योग्य था और पूरा मैदान तालियों की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम में डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. कुंती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, डॉ. राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. प्रीति पैकरा, डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. महानंद साहू, संजीव तथा डॉ. रामेश्वर पाटिल सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने चार दिवसीय प्रतियोगिता के इस शानदार समापन का भरपूर आनंद लिया।

## मिंटू ने ग्रामीणों को किया जागरूक सही सूची को बताया लोकतंत्र का आधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची अद्यतन कार्य को गति देने के उद्देश्य से भाजपा नेता मिंटू बिसेन ने अपने गृह ग्राम गोपाल भैना में पहुँचकर ग्रामवासियों के साथ बैठक की। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेने का निवेदन किया। मिंटू बिसेन ने बताया कि सही और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती का आधार है, इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने दस्तावेजों के साथ बीएलओ के पास पहुँचकर फॉर्म 6, 7 व 8 का भराव सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने मतदाता पहचान में सुधार, नए नाम जोड़ने, स्थानांतरण एवं त्रुटि संशोधन जैसी प्रक्रियाओं के प्रति भी जागरूकता फैलाने की अपील की।

## भाजपा नेताओं ने एसआईआर फॉर्म भरवाया भाजपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को तेजी से आगे बढ़ाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र जायसवाल एवं आशीष जैन ने घर–घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इसी क्रम में दोनों नेताओं ने अपने अपने फॉर्म को गाइडलाइन के अनुसार सावधानीपूर्वक भरवाया और बीएलओ के माध्यम से जमा भी कराया। नेताओं ने बताया कि मतदाता सूची में नाम सही रखना हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। इसलिए फॉर्म भरते समय किसी भी प्रकार की जानकारी छूट न जाए, इसका विशेष ध्यान रखें।

## आशीष छाबड़ा से सौजन्य भेंट कर नेताओं ने दी शुभकामनाएं...




**नवागढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद का दायित्व पुनः मिलने पर रविवार को आशीष छाबड़ा से सौजन्य भेंट कर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सौजन्य भेंट के अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मारकंडे, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष लाल कटारे तथा वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य रमेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर श्री छाबड़ा का सम्मान किया तथा उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की बात कही।

## गलत स्व विवरणी पर लगेगी 5 गुना पेनल्टी

**दुर्ग।** निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। निगम ने भवन एवं भूमि स्वामियों को चेतावनी दी है कि यदि कोई करदाता अपनी संपत्ति का विवरण स्व. विवरणी में गलत या कम दिखाता है, तो उस पर अंतर राशि का 5 गुना तक जुर्माना लगाया जाएगा। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस नियम का उद्देश्य करदाताओं पर बोझ डालना नहीं, बल्कि शहर में एक सही और निष्पक्ष कर व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि गलत विवरण प्रस्तुत करने वाले किसी भी करदाता को पेनल्टी माफ़ करने का अधिकार निगम के पास भी नहीं रहेगा, इसलिए सभी संपत्ति स्वामी सही जानकारी देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स का एकमुश्त भुगतान 30 नवंबर 2025 तक करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। करदाता समय पर भुगतान कर इस लाभ का फायदा उठा सकते हैं।

# परपोड़ा स्कूल में भारी लापरवाही और आदेशों की हुई अवहेलना, कलेक्टर ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

### सहायक शिक्षक और ग्रेड-2 कर्मचारी की मनमानी ने जनदर्शन तक पहुंचाया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखंड के ग्राम परपोड़ा स्थित हायर सेकेंडरी और प्राथमिक शाला में व्याप्त गंभीर लापरवाही, मनमानी और विभागीय आदेशों के खुले उल्लंघन का मामला आखिरकार जनदर्शन तक पहुँच गया। लगातार शिकायतों और जांच रिपोर्ट के बावजूद कार्रवाई न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने जनदर्शन में जनपद सदस्य नीरज राजपूत तथा शाला प्रबंधन समिति सदस्य बलदाऊ वर्मा के माध्यम से विस्तृत शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

- शिक्षा विभाग ने आदेशों के बावजूद कार्रवाई में दिखायी उदासीनता

पहले मामले में परपोड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 महेंद्र कुमार वर्मा पिछले 13 साल से मूल संस्था से बाहर रहकर संलग्न आदेशों के सहारे दफ्तरों में सेवा दे रहे थे। जनदर्शन व जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर 10 जून को उन्हें मूल संस्था में पदस्थ किया गया, परंतु— समय पर स्कूल न आना, लंच से पहले ही वापस लौट जाना,10 से 27 सितंबर तक बिना आवेदन के 20 दिन का गायब रहना, दो बार शाला प्रबंधन समिति की कार्रवाई की अनुशंसा को नजरअंदाज करना -जांच में सब स्पष्ट हो गया।



### सबसे बड़ा खुलासा - संलग्नीकरण समाप्ति आदेश का उल्लंघन

25 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संलग्नीकरण समाप्त करने का आदेश जारी किया था, पर महेंद्र वर्मा आज भी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला में ही पुराने आदेश के आधार पर उपस्थिति दे रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया कि बेरला की प्राचार्य ने परपोड़ा स्कूल के प्राचार्य को मौखिक व लिखित दबाव डालकर वर्मा की बेरला उपस्थिति को जारी रखने को कहा। यह सीधे तौर पर विभागीय आदेश की अवहेलना है।

**मामला नंबर-2**

### सहायक शिक्षक जीवनलाल डेहरे-स्कूल समय में होटल, रजिस्टर में हेरफेर और एसआईआर ड्यूटी में गायब

परपोड़ा प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक जीवनलाल डेहरे पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं— स्कूल समय में होटल में बैठे मिलने का जीपीएस प्रूफ, लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायतें, उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षरों में हेरफेर,एसआईआर (बीएलओ) ड्यूटी में दो दिन की घोर लापरवाही, 16 और 17 सितंबर को वे एसआईआर ड्यूटी में नहीं गए, लेकिन 17 सितंबर को पटवारी (सुपरवाइजर) को व्हाट्सऐप पर ओपीडी पर्ची भेज दी, जबकि स्कूल रजिस्टर में 9:45 बजे 'बीएलओ कार्य हेतु जा रहा हूं' लिखकर हस्ताक्षर दर्ज पाए गए। संकुल समन्वयक ने जाँच बयान में साफ कहा—डेहरे 16 और 17 सितंबर को स्कूल आए ही नहीं। **शिक्षा विभाग में क्यों अटकी फाइलें:** बेरला विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे.पी. करमाकर ने दोनों मामलों की जांच पूरी कर ढाई महीने पहले ही जिला कार्यालय भेज दी थी। लेकिन फाइलें बिना कार्यवाही के पड़ी रहीं। अब जनदर्शन शिकायत के बाद स्थिति बदली है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को त्वरित जांच, दोनों कर्मचारियों पर कार्रवाई, आवश्यकता अनुसार कानूनी कार्रवाई और निलंबन के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने भी माना जनदर्शन से मामला आया है, कलेक्टर ने तत्काल जांच-कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। दोनों प्रकरणों में शीघ्र विभागीय कार्रवाई होगी।

# प्रशिक्षार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोक गीत और पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया गया

**बेमेतरा।** विगत दिनों संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण अंतर्गत विभिन्न स्पर्धा रजत जयंती वर्ष 2025 का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में आयोजित की गई। जिसमें रजत जयंती थीम पर प्रशिक्षार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोक गीत और पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। तकनीकी प्रदर्शनी में मॉडल एवं उपकरण, पारंपरिक औद्योगिक शिल्पों की प्रदर्शनी, मोर छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ ही आईटीआई के गौरवशाली पूर्व प्रशिक्षणार्थियों से संवाद, अनुभव के साथ सम्मान समारोह आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने अपने थीम पर आधारित कृति को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किए जो निर्णायकों द्वारा काफी सराहा गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेरला, बेमेतरा, परपोड़ी, मारो और नवागढ़ के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख शीतल कुमार साहू ने स्वागत भाषण के पश्चात प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

- जिला स्तरीय विविध प्रतियोगिता औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में हुआ



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार व संपादक रायपुर से डॉ दीनदयाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके साथ ही जिले के प्रशिक्षण संस्थाओं से बीपी देवांगन, नंदकिशोर भतरिया, मनीष वर्मा, प्रेम सागर नायक, चंद्रभूषण यादव, रेवेन्द्र वर्मा, सौरभ अग्रवाल, प्रेम परितोष, ज्योति भगत, खुमान सिंह डाहिरे, सविता देवांगन, नरेंद्र कुमार देशमुख, नाजमा बेगम, दीपक कौशिक के साथ साथ ही बेरला प्रशिक्षण संस्था के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में पीएम-आशा योजना और प्राकृतिक खेती को मिल रहा बढ़ावा

# उप संचालक कृषि ने किया उपार्जन केंद्रों व मॉडल खेतों का व्यापक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आशा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाने कृषि विभाग द्वारा सतत प्रयास जारी है। इसी क्रम में उप संचालक कृषि ने जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों और प्राकृतिक खेती मॉडल इकाइयों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों, समिति सदस्यों और अधिकारियों से चर्चा कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उप संचालक कृषि ने थानखमरिया, थेलकाडीह, देवरबीजा और साजा सहित जिले के कुल नौ उपार्जन केंद्रों का दौरा कर तैयारियों, उपलब्ध सुविधाओं और किसानों की आवक की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम-आशा योजना के लाभ, समर्थन मूल्य, भावांतर भुगतान की प्रक्रिया और पंजीयन से संबंधित सभी जानकारी किसानों को स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही किसानों को उपार्जन केंद्रों में आकर उपज विक्रय के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। प्रत्येक केंद्र में योजना संबंधी जानकारी को सरलता से उपलब्ध कराने हेतु सूचना फ्लेक्स भी चस्पा किए गए।

- किसानों को पराली प्रबंधन, जैविक खाद और समर्थन मूल्य पर अधिकतम उपार्जन हेतु किया गया जागरूक



प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप संचालक कृषि ने ग्राम चिखली और कुटरु में स्थापित जैविक खाद उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि सखियों और किसानों को वर्मीकम्पोस्ट, जीवामृत तथा अन्य जैविक खादों के उत्पादन और उपयोग की विधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल लागत कम करती है, बल्कि मिट्टी की सेहत और फसल की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाती है। प्राकृतिक खेती से दीर्घकालिक रूप से भूमि की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत आधार मिलता है।

### पराली नहीं जलाने की करी अपील

खेतों में कार्यरत किसानों से चर्चा करते हुए उन्होंने पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और मिट्टी के आवश्यक जीवांश नष्ट हो जाते हैं। इसके स्थान पर पराली को मिट्टी में दबाकर उपयोग करना, कम्पोस्ट बनाना, मल्चिंग करना या पशु आहार के रूप में इसका उपयोग करना बेहतर विकल्प है। उन्होंने किसानों को इन विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**हर किसान को मिले योजनाओं का लाभः विभागः** निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी, सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने स्थल पर समन्वय करते हुए किसानों को योजनाओं से अधिकतम लाभ दिलाने संबंधी जानकारी दी। उप संचालक कृषि ने कहा कि कृषि विभाग का उद्देश्य हर किसान को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना और पराली प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखना है। निरीक्षण और जागरूकता अभियान आगामी दिनों में जिले के अन्य ग्रामों और उपार्जन केंद्रों में भी जारी रहेंगे।

